थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के 02 सदस्य को मय 10 किलो नाजायज गांजा जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत 02 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

शासन द्वारा मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के निर्देश के क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डा0 ओ0पी0 सिहं के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अजय प्रताप के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बिसौली पवन कुमार के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज व एसओजी/ सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सदस्यों 1.आलिम पुत्र विदीस निवासी आसपुर थाना अलापुर जिला बदायूँ 2.नन्हे खाँ पुत्र मुन्शी खाँ निवासी मसूदपुरा थाना उसहैत जिला बदायूँ को मय 10 किलो नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार करने मे उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है ।

घटनाक्रम-

थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा दिनांक 02.03.2023 को उच्चाधिकारीगण एवं शासन की मंशा के अनुरूप मादक पदार्थ ब्रिकी एवं तस्करी के विरूध चलाये जा रहे सतत अभियान के क्रम मे संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर कुनार तिराहे पर दो व्यक्ति 1.आलिम पुत्र विदीस निवासी आसपुर थाना अलापुर जिला बदायूँ 2.नन्हे खाँ पुत्र मुन्शी खाँ निवासी मसूदपुरा थाना उसहैत जिला बदायूँ को पकडा गया जिनके कब्जे से 10 किलो गांजा नाजायज बरामद हुआ । पकडे गये अभियुक्तगणो के पास से पकडे गये गांजे की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे 02 लाख रूपये है । जिसके सम्बन्ध मे थाना वजीरगंज पर मु0अ0स0 104/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।

पूछताछ विवरण अभियुक्तगण आलिम व नन्हे खाँ उपरोक्त ने पूछताछ मे संयुक्त रूप से बताया कि वह दोनो विशाखापत्तनम से गाँजा खरीद कर ट्रेन व रोडवेज आदि से लाकर अपने क्षेत्र मे घूम घूम कर लोगो को बेचते है । आज भी हम विशाखापत्तनम से लाये गाँजे को बेचने के लिये लाये थे तथा एक व्यक्ति को हम गाँजे बेचने के लिये कुनार तिराहे पर इन्तजार कर रहे थे तभी आप लोगो ने हमे पकड लिया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण

1.आलिम पुत्र विदीस निवासी आसपुर थाना अलापुर जिला बदायूँ

2.नन्हे खाँ पुत्र मुन्शी खाँ निवासी मसूदपुरा थाना उसहैत जिला बदायूँ

बरामदगी का विवरण

1.उपरोक्त दोनो अभियुक्तगण के पास से नाजायज गाँजा 10 किलो जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत 02 लाख रुपये है।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त आलिम..................

मु0अ0सं0 321/2018 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना अलापुर बदायूँ

मु0अ0सं0 388/2018 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना अलापुर बदायूँ

मु0अ0स0 104/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना वजीरगंज बदायूँ

आपराधिक इतिहास अभियुक्त नन्हे खाँ

मु0अ0सं0 282/2022 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना उसहैत बदायूँ

मु0अ0स0 104/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना वजीरगंज बदायूँ

गिरफ्तार करने वाली टीम

प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज धनंजय पाण्डेय

उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी स्वाट टीम

हे0का0 सचिन झा सर्विलांस टीम

हो0का0 मुकेश स्वाट टीम

हे0का0 विपिन स्वाट टीम

का0 लोकेन्द्र स्वाट टीम

का0 सचिन स्वाट0सर्विलांस टीम

का0 मनीष स्वाट टीम

का0 कुशकान्त स्वाट टीम

का0 आजाद स्वाट टीम

का0 भूपेन्द्र स्वाट टीम

सोशल मीडिया सैल

जनपद बदायूँ।